# बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

## आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–43/2025 के अंतर्गत बिहार लोक सेवा आयोग, कार्यालय पटना में निम्न वर्गीय लिपिक के पदों पर नियुक्ति हेतु मुख्य (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक–20.09.2025 (शनिवार) को राज्य के 03 जिला मुख्यालयों में अवस्थित 40 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित की जायेगी।

**उक्त परीक्षा के लिए दिनांक–14.09.2025 से ई–प्रवेश पत्र (e-Admit Card) डाउनलोड करने की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी।**

1. अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट https://bpsconline.bihar.gov.in/candidate/login पर जाकर अपने Account में Login करें। फिर My Account में जाकर संबंधित विज्ञापन पर Click करके Admit Card के सामने View/download विकल्प पर Click करते हुए अपना e-Admit Card डाउनलोड करेंगे। डाउनलोड किये गये e-Admit Card में अभ्यर्थी को आवंटित जिला दर्ज होगा।
2. परीक्षा केन्द्र कोड/परीक्षा केन्द्र का नाम के संबंध में विस्तृत जानकारी Dashboard पर **दिनांक–18.09.2025** से उपलब्ध करायी जायेगी।
3. अभ्यर्थी e-Admit Card डाउनलोड करते समय सुनिश्चित कर लें कि अनुक्रमांक (Roll No.) के साथ Bar code स्पष्ट रूप से छपा हो।
4. **सभी अभ्यर्थी e-Admit Card की एक अतिरिक्त प्रति अपने साथ परीक्षा केन्द्र पर ले जाना सुनिश्चित करेंगे एवं परीक्षा अवधि में वीक्षक के समक्ष हस्ताक्षर कर उन्हें सुपूर्द कराना सुनिश्चित करेंगे।**
5. **निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने के 2½ घंटा पूर्व पहुँच जायें।**
6. अभ्यर्थियों को e-Admit Card में दिये गये समयानुसार परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। अतः अभ्यर्थी निर्धारित परीक्षा तिथि को दोनों पालियों की परीक्षा के लिए समय पर निश्चित रूप से परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे तथा निर्धारित समय के पश्चात् परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।
7. **उम्मीदवारों को डाक से (By Post) प्रवेश पत्र नहीं भेजे जाऐंगे।**

12/09/25

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना